## न्यूज कार्नर

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने होगा आंदोलन

**जागरण नर्मदापुरम।** एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराए जाने सहित अधिवक्ताओं की सुरक्षा और कल्याणकारी मांगों को लेकर स्टेट बार काउंसिल के नेतृत्व में अतिशीघ्र भोपाल में एक बड़ा और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। स्टेट बार के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता ने आंदोलन के संचालन के लिए 7, सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति के अध्यक्ष प्रियनाथ पाठक अधिवक्ता भोपाल एवं सदस्य नर्मदापुरम जिला अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे , सदस्य छतरपुर अधिवक्ता संघ सचिव अनिल त्रिवेदी, भोपाल अधिवक्ता संघ सहसचिव सोनल नायक, नर्मदापुरम अधिवक्ता संघ पूर्व सहसचिव सुरेंद्र सिंह राजपूत, जबलपुर अधिवक्ता प्रशांत दुबे, एवं भोपाल अधिवक्ता खालिद अजीज को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त समिति भोपाल में प्रस्तावित आंदोलन के कार्यों का संचालन समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करेगी तथा वकीलों से मध्यप्रदेश के वकीलों से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आचरण बनाए रखने की अपील करेगी और मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर वकीलों की मांगों के निराकरण की मांग करेगी।

### नर्मदा कॉलेज के 12 विद्यार्थी ट्राइडेंट में चयनित



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे के निर्देशन में ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी द्वारा 75 छात्राओं एवं 50 छात्रों के चयन हेतु प्लेसमेंट का आयोजन किया गया जिसमें ट्राइडेंट कंपनी से अक्षय कुमार श्रीवास्तव, शमशेर सिंह और सूर्यवंशी वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हेतु 126 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया जिसमें 12 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेंट समिति के सदस्य डॉ आलोक मित्रा, डॉ राजीव शर्मा डॉ आशीष सिंह तोमर डॉ अतुल गौर डॉ दशरथ मीना एवं केशव मिश्रा उपस्थित रहे।

### जिला न्यायाधीश के बंगले से पकड़ा सांप



**जागरण सिवनीमालवा।** जिला न्यायाधीश तबस्सुम खान के बंगले में मंगलवार दोपहर 8 फुट लम्बा सांप निकलने से अफरा तफरी मच गयी। न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों की भीड़ बंगले के बाहर जमा हो गयी। मोके पर सर्प मित्र कालू कौशल को बुलाया गया जिन्होंने तत्काल 8 फुट लम्बे सांप को पकड़ लिया। सर्प मित्र कालू कौशल ने बताया कि यह घोड़ा पछाड़ प्रजाति का सांप है। इसकी लम्बाई 8 फुट है। यह जहरीला नही होता है लेकिन भागने में इसकी रफ्तार बहुत तेज होती है। जिसे यहां से ले जाकर जंगल छोड़ दिया जाएगा।

### संभागीय समय सीमा की बैठक में कमिश्नर केजी तिवारी ने दिए निर्देश

# शहर के सभी नर्मदा घाटों पर साफ सफाई कर घाटों को स्वच्छ बनाया जाए

**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सीएमओ हेमेश्वरी पटले एवं संभागीय अधिकारी जन अभियान परिषद कौशलेश तिवारी को निर्देश दिए की वे शहर में स्थित सभी नर्मदा घाटों पर आवश्यक साफ सफाई कराकर घाट को स्वच्छ बनाएं। साथ ही जन अभियान परिषद अपनी नर्मदा सेवा समिति के माध्यम से घाट में व्याप्त व्यापक गंदगी एवं कचरा को हटाना सुनिश्चित करे। कमिश्नर ने संभागीय कमांडेंट होमगार्ड को निर्देश दिए कि वह सभी घाटों में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एक-एक होमगार्ड जवानों की तैनाती करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि गत दिवस उन्होंने अपने भ्रमण के दौरान पाया कि सभी घाटों में अनावश्यक रूप से कचरा, गंदगी एवं बास बल्ली, अधजले कपड़े एवं बोतले बिखरी पड़ी है जो की घाटों की सुंदरता को नष्ट करती है साथ ही घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं में अच्छा प्रभाव नहीं डालती हैं।

कमिश्नर ने कहा कि सीएमओ एवं जन अभियान परिषद के नर्मदा सेवा समिति के सदस्य लगातार घाटों की साफ सफाई कर घाटों को स्वच्छ बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपना योगदान देंगे। सभी घाटों पर जाकर श्रमदान करेंगे। श्रमदान के माध्यम से घाटों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाएंगे। जन अभियान परिषद के कौशल तिवारी ने बताया कि



नर्मदापुरम जिले में 120 किलोमीटर के क्षेत्र में नर्मदा नदी में स्थित 68 नदी घाट है।

कमिश्नर ने कहा कि प्रथम चरण में शहर के घाटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाइश दी जाए कि वह हवन कुंड में ही हवन सामग्री का दान करें। उन्होंने नर्मदा सेवा समिति के सदस्यों को प्रतिदिन घाट पर जाकर घाटों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि इधर-उधर बिखरे कांच की बोतले, अधजले कपड़े एवं अन्य कूड़ा कर्कट की सामग्रियों को घाटों से हटाया जाए।

संभागीय समय सीमा की बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री नवल मीणा, उपायुक्त विकास श्री डी एन पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नीता कोरी सहित अन्य संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर श्री तिवारी ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीणा को निर्देश दिए कि वह तवा नगर में स्थित जल संसाधन विभाग के शासकीय आवास में रहने वाले रिटायर कर्मचारी एवं स्थानांतरित कर्मचारी से आवास खाली करवाए साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कुछ मृत कर्मचारियों के परिजन भी अनाधिकृत रूप से आवासों पर कब्जा किए हुए हैं उनसे भी प्राथमिकता से आवास खाली कराया जाए। उन्होंने कहा कि आवास खाली कराने के बाद उनके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए ताकि पात्र व्यक्तियों को आवास का आवंटन किया जा सके। कमिश ?नर ने समय सीमा की बैठक में दिव्याग पार्क को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ जन पार्क को भी साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए।

### गर्मी में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में कमिश्नर ने नलों से आ रहे मट मैले पानी, शहर में जहां तहां लगे अवैध होर्डिंग हटाने, कचरा संग्रहण वाहनो के नियमित रूप से सभी कॉलोनियों में जाने, नहर के ओवर फ्लों को रोकने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि वह नहर व्यवस्थापन की बेहतर व्यवस्था के लिए मूंग के सीजन में एवं अन्य सीजन में अन्य विभागों के उप यंत्रियों की ड्यूटी भी अनिवार्य रूप से लगाए। गर्मी के मौसम में पीएचई विभाग एवं नपा को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्र में नगर पालिका यह सुनिश्चित करेंगे कि आम जनता को जल संकट का सामना न करना पड़े एवं उन्हें निर्बाध रूप से पानी की आपूर्ति होती रहे। कमिश्नर श्री तिवारी ने विस्थापित ग्रामों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलस्टर वार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए और कहां की शिविर में प्राप्त प्रकरणों का यथा संभव मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## मेला समाप्ति के बाद भी दुकानें नहीं हटाने वाले दुकानदारों पर लगाया स्पॉट फाइन



**जागरण नर्मदापुरम।** मेला ग्राउंड पर मेले की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अवैध रूप से दुकानें लगाकर बैठे दुकानदारों पर मंगलवार को नपा टीम द्वारा गंदगी और कचरा फैलाने पर 51 हजार रुपए से अधिक का स्पाट फाइन किया गया। साथ ही हिदायत दी गई कि जल्द से जल्द अपनी दुकानें मेला स्थल से हटा लें। उक्त कार्रवाई नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा एवं कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी के नेतृत्व में नपा की टीम द्वारा की गई। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। श्री सोनी ने बताया कि मेला अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी दुकान लगाए हुए दुकानदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। आगामी मेले के दौरान इन्हें दुकानें आवंटित नहीं की जाएगी। कार्रवाई के दौरान एआरई रवि सूर्यवंशी, मूर्तिसिंह राजपूत, सुनील राठौर, सुनील अवस्थी, राजेश गोस्वामी और अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत शामिल थे। उल्लेखनीय है कि खेल मैदान पर गंदगी फैलाने पर खेल प्रेमियों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। नपा द्वारा की गई कार्रवाई से खिलाड़ियों में हर्ष है।

## पूर्व मंत्री मधुकर राव हर्णे की जयंती पर श्रद्वासुमन अर्पित कर सुनाए संस्मरण



**जागरण नर्मदापुरम।** आदर्श राजनीति के प्रणेता रहे पूर्व मंत्री दादा मधुकरराव हर्णे की जयंती के अवसर पर मंगलवार को नेहरू पार्क में श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दादा हर्णे को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके संस्मरण सुनाएं। वरिष्ठ कार्यकर्ता मुन्ना पठान ने बताया कि दादा का व्यक्तित्व महान था दादा ने दलगत राजनीति से उठकर कार्य किया था। पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने कहा कि दादा ने भारतीय जनता पार्टी को संघर्ष से शिखर तक पहुंचाया था। दादा ने विपरीत परिस्थिति में पार्टी को खड़ा करने का काम किया था। आज के भाजपा कार्यकर्ता उनकी ही जमा पूंजी है। कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी दादा हर्णे से जुड़े कई रोचक संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर प्रसन्ना हर्णे, विवेक गौर, सुरेंद्र परमार, अनिल दुबे , दीपक हेमनानी, मनीष परदेशी, महेश सेन, हरी शर्मा, संतोष मीना, ऋषभ शुक्ला, प्रवेश सोनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसद ने किया जिला स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ

**जागरण माखननगर।** एमपी एग्रो फार्म में मंगलवार को उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं आकर्षक पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग नर्मदापुरम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रस्तुत विकसित भारत जी राम जी विधेयक, 2025 किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गेहूं, चना, धान के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन मूंग का



भी समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित किया गया है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। सांसद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल किसानों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी खेती नहीं की, वे आज किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि सरकार की नीतियां स्पष्ट रूप से किसान हित में हैं। दो दिवसीय सेमीनार में उन्नत बागवानी तकनीकों, पुष्प उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार उपलब्धता विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के फूलों एवं उन्नत किस्मों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में पीयूष शर्मा, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल, हॉर्टिकल्चर डिप्टी डायरेक्टर रीता मरकाम, योगेंद्र सिंह राजपूत, अजीत मंडलोई, जनपद अध्यक्ष सावित्रीबाई, निखलेश चतुर्वेदी, भाजपा महामंत्री कुंवर सिंह यादव ,मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, प्रशांत अग्रवाल, सहित अन्य मौजूद रहे।

## चना और मसूर के लिए पंजीयन 16 मार्च तक

**जागरण नर्मदापुरम।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नर्मदापुरम ने बताया कि रबी वर्ष 2025-26 में चना और मसूर की फसल खरीदी के लिए पंजीयन की प्रक्रिया ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक चलेगी। चना एवं मसूर उपार्जन हेतु जिले में 132 पंजीयन केंद्र निर्धारित किये गये हैं। इस बार खरीदी केंद्रों पर कृषकों की वास्तविक पहचान के लिए आधार-सक्षम पीओएस मशीन या मोबाईल ऐप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। कृषक अपनी फसल के विक्रय हेतु पंजीयन के समय तीन अधिकृत व्यक्तियों का नाम और आधार नंबर दे सकते हैं, जिनके द्वारा पंजीकृत किसान की फसल खरीदी केंद्र पर लाई जाकर विक्रय की जा सकेगी। अधिकृत व्यक्तियों का भी आधार सक्षम पी.ओ.एस मशीन या मोबाईल एप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा।

## नर्मदा कॉलेज में हुआ पारंपरिक होली एवं फाग गीतों का कार्यक्रम



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम के हिंदी विभाग की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत वसंत उत्सव, फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ आरके चौकसे ने कहा कि आधुनिक दौर के चलते विलुप्त होती इस विधा को जीवंत करने के लिए ऐसे आयोजन होने चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी भी हमारी परंपरा गीत संगीत से जागरूक हो सके। संयोजक डॉ के मिश्र ने बताया कि पौराणिक काल से लेकर हिंदी साहित्य के समस्त कालों में इस परंपरा का निर्वाह किया गया है पारंपरिक फाग गायन हमारी धरोहर है। इस अवसर पर संगीत विभाग के शिक्षक जयसिंह ठाकुर के निर्देशन में विभिन्न छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

प्रियांशु राजपूत, तनिष्का शर्मा, नानक महिपाल, यश दुबे, जतिन सैनी, विशाल व्यास पियूष राजपूत रितेश मौर्य आदि विद्यार्थियों ने फाग गीतों का गायन किया। प्रिया साहू ने भूषण और पद्माकर के छंद कूलन में केलिन में कछारन में कुंजन में गाकर सुनाए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ अमिता जोशी ने होली महोत्सव एवं उसके वैज्ञानिक महत्व को विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ अंजना यादव ने सभी विद्वानों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया। प्रतिवेदन डॉ सुभाष जाटव का रहा। विभागीय सहयोग डॉ मनीष कुमार कटारे, शुभा चौधरी रहा। डॉ कमल वाधवा, डॉ सविता गुप्ता, डॉ ममता गर्ग, डॉ नित्या पटेरिया, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ दिनेश गाठे, सुमेर सिंह, राकेश कुमार एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण महिलाओं ने पीएम आवास योजना लाभ के लिए दिया आवेदन

**जागरण सिवनीमालवा।** ग्राम पंचायत नाहरकोला कला के टोला देवीपुरा की महिलाओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने अनुविभागीय अधिकारी विजय राय को हर सप्ताह आयोजित होने वाली जन सुनवाई मे दिया। महिलाओं ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि हम सभी को शासन से शासकीय पट्टा प्राप्त है। हम सभी कच्चे मकानो में निवास करते है जो जर्जर हालत में है। बारिश के दिनों में भारी परेशानी का सामना उठाना पड़ता है। हमने ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव को अनेको बार प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम दर्ज करने के लिए आवेदन और फार्म भरकर दे दिये हैं। लेकिन हम सभी के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में नही जोड़े जा रहे है। महिलाओं ने आग्रह किया है कि हम सभी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में दर्ज किया जाकर इसका समुचित लाभ दिलाया जाए।



## जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जागरण नर्मदापुरम।** जन अभियान परिषद, मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन में जिला जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय पर सम्पन्न हुआ। बैठक में संभाग समन्वयक कौशलेंश प्रताप तिवारी एवं जिला समन्वयक पवन सहगल की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में नवांकुर नर्सरी निर्माण, प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठकों, समितियों के दस्तावेजीकरण, नवांकुर संस्थाओं द्वारा विगत माह में किए गए कार्यों, प्रस्फुटन समितियों के बोर्ड-फ्लेक्स एवं कार्यालय निर्माण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही प्रस्फुटन समितियों के उपयोगिता प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिले में कार्यरत समस्त चयनित नवांकुर संस्थाओं द्वारा विगत एक माह में किए गए कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख, हरिदास दायमा, विवेक मालवीय, किशोर कड़ोले, दयाराम उमरे, सुखवती वर्मा सहित जिले की चयनित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख द्वारा किया गया।

## नपकर्मियों ने की महंगाई भत्ते के एरियर की मांग, सीएमओ ने दिया आश्वासन

**जागरण सोहागपुर।** नपकर्मियों द्वारा सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से भेंटकर एरियर की राशि के भुगतान की मांग की गई है। सीएमओ के कक्ष में नियमित श्रेणी के कुछ कर्मचारियों ने उनसे मुलाकात कर आगामी त्यौहार के पूर्व महंगाई भत्ते के एरियर की राशि के भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों ने शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार महंगाई भत्ते के एरियर की राशि प्रदान किए जाने की गुहार सीएमओ श्री शर्मा से लगाई है। नियमित श्रेणी के कर्मचारियों के अतिरिक्त मंगलवार को कुछ दफाई कर्मी एवं कुछ ऑपरेटर भी एरियर की राशि के भुगतान के संबंध में सीएमओ से मिले थे। कर्मचारियों को सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने होली के त्यौहार के पूर्व महंगाई भत्ते के एरिया की राशि की एक किस्त प्रदान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल की मौजूदगी में लेखा विभाग के कर्मचारियों को एरियर के राशि की फाइल बढ़ाकर भुगतान की स्थिति निर्मित करने के निर्देश दिए हैं। राशि की मांग करने वाले कर्मचारियों में कर्मचारी संघ की अध्यक्ष सरला सनकत, रजनी ठाकुर, दयाशंकर कुर्मी, अमित परसाई, संजय पचौरी, एचएल परते, ओमप्रकाश दुबे, नरेश रघुवंशी, नरेंद्र धुर्वे, सूरज पठारिया, श्यामल डे, जय सिंह राजपूत, उत्सव जायसवाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल है।



### कथा प्रवचन | नर्मदा पुराण कथा का समापन, कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

# कलयुग में पापों का नाश व मोक्ष प्रदान करने वाली है मां नर्मदा

**जागरण माखननगर।** शांकुल कुचबंदिया परिवार द्वारा आयोजित नर्मदा पुराण कथा का समापन मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुआ। अंतिम दिवस व्यास गादी से कथावाचक प. प्रेम आनंद महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे मोक्ष प्राप्ति का श्रेष्ठ साधन बताया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में नदियों का विशेष महत्व है, किंतु पुण्य सलिला नर्मदा नदी का स्थान अद्वितीय है।



उन्होंने बताया कि जिस पुण्य की प्राप्ति गंगा नदी में स्नान करने से और यमुना नदी के आचमन से होती है, वही पुण्य मां नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। मां नर्मदा को 'रेवा' और 'शिव पुत्री' के रूप में भी पूजा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शिव के तप से प्रकट हुई नर्मदा समस्त पापों का नाश करने वाली और कलियुग में मोक्ष प्रदान करने वाली मानी गई हैं।

महाराज श्री ने नर्मदा परिक्रमा के आध्यात्मिक महत्व का भी उल्लेख करते हुए कहा कि नर्मदा ही एकमात्र ऐसी नदी है जिसकी संपूर्ण परिक्रमा की परंपरा है। हजारों साधक वर्षों तक नर्मदा तट पर रहकर तप, जप और साधना करते हैं तथा जीवन को धन्य बनाते हैं। नर्मदा तट को ऋषि-मुनियों की तपोभूमि बताया गया है, जहां अध्यात्म, सेवा और साधना की अखंड धारा प्रवाहित होती है। समापन अवसर पर व्यास गादी का विधि-विधान से पूजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह, नगर पंचायत में सांसद प्रतिनिधि आकाश तिवारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष निकलेश चतुर्वेदी, पार्षद विशाल सांकुल सहित नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कथा आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के संवर्धन का माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पूर्णाहुति यज्ञ संपन्न हुआ तथा भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण, हर-हर नर्मदे के जयघोष और भक्ति गीतों से परिसर गुंजायमान रहा।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं वेदिका भट्टर आयु 26 वर्ष पिता विजीत कुमार भट्टर आधार संख्या XXXXXXXX8173 तथा पैन कार्ड संख्या XXXXXX432R निवासी मकान क्रमांक 01 जाकिर हुसैन वार्ड, वार्ड क्रमांक 19 काबरा कॉलोनी पिपरिया तहसील पिपरिया, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) शपथ पत्र के माध्यम से घोषणा करती हूँ कि मैं पिपरिया की स्थायी निवासी हूँ मेरे पैन कार्ड आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम वेदिका भट्टर सही रूप से अंकित है। किन्तु मेरे पासपोर्ट (PASSPORT में मेरा नाम VEDIKA) पिता श्री VIJEET KUMAR BHATTER" अंकित है। वेदिका तथा वेदिका भट्टर, पिता विजीत कुमार भट्टर दोनों नाम एक ही व्यक्ति हूँ अर्थात मुझसे संबंधित हैं। मैं इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से घोषणा करती हूँ कि भविष्य में मुझे मेरे पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में अंकित नाम वेदिका भट्टर से ही जाना और पहचाना जाए। यह शपथ पत्र सत्य एवं सही जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है।

**वेदिका भट्टर**
पिता - विजीत कुमार भट्टर
निवासी-मकान क्रमांक 01,
जाकिर हुसैन वार्ड, क्र, 19,
काबरा कॉलोनी पिपरिया 461775,
तहसील पिपरिया जिला- नर्मदापुरम (म.प्र.)

## न्यूज कार्नर

### भोपाल सभा में शामिल हुए कांग्रेसजन



**जागरण, हरदा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे की भोपाल सभा में हरदा जिला अध्यक्ष मोहन सांई के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता भोपाल पहुंचे। जिनमे कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पवार, उमाशंकर बिश्नोई, अम्बालाल बेनीवाल, रविशंकर शर्मा, सूरज सिंह राजपूत, हरदा ब्लाक अध्यक्ष गोविंद व्यास, करताना ब्लाक अध्यक्ष विक्रम सिंह राजपूत, खिरकिया जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, खिरकिया ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सोलंकी,ख विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, हरदा जनपद उपाध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा, विजय सुरमा, आदित्य गार्गव, शहीद खान, भजन बेनीवाल, मदन गौर, अनोखी गौर, दशरथ पटेल, अनिल विश्नोई, सुरेश गुर्जर, नारायण सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह मौर्य, रामदास तोमर, गोविंद सूरमा, असलम लाला, गौतम पटेल, सतीश खोड़, सतीश भादू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### खेत जाने के रास्ते पर पुलिया बनवाने की मांग



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, एसडीएम खिरकिया सुश्री शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा निवासी श्रीमती सलोनी साहू ने कलेक्टर को आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदिका की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। ग्राम पिडगांव के किसानों ने आवेदन देकर खेत में जाने के रास्ते पर पुलिया बनवाने की मांग की, जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

आउटसोर्स डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स ने तीन माह का लंबित वेतन तथा एरियर भुगतान कराने की मांग की, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी आदित्य सिंह ने ग्राम गोंदागांव स्थित अपनी जमीन के सीमांकन की पुष्टी कराकर रिकार्ड दुरूस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी उषा बाई ने आवेदन देकर पीएम आवास योजना का लाभ तथा खाद्यान्न पर्ची दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदिका की समस्या का पात्रता अनुसार निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### आंगनबाड़ियों की हालत खस्ता, 262 केंद्रों के पास स्वयं का भवन तक नहीं

# बच्चे कैसे बनेंगे शक्तिमानः 131 भवन किराए पर, 82 जर्जर स्थिति में



**जागरण, हरदा।** जिले में आंगनवाडियों की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। कहीं आंगवाडियां किराये के छोटे-छोटे कमरों में संचालिह हो रही हैं तो कहीं इनकी जर्जर अवस्था के चलते बच्चों के लिये खतरा बने हुए हैं। इन सब हालातों के चलते बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास किस प्रकार होगा समझा जा सकता है। जानकारी के अनुसार हरदा जिले में कुल 699 केन्द्र वर्तमान में संचालित हैं जिनमें 262 केन्द्रों में स्वयं का भवन नहीं है, 131 किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं और 82 जर्जर स्थिति में है।

### विधायक ने विधानसभा में दागे सवाल

हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्री से प्रश्न किया कि हरदा जिले में कुल कितने आंगनवाडी केन्द्र स्वीकृत हैं, कितने वर्तमान में संचालित है, कितने केन्द्रों में स्वयं का भवन नहीं है, कितने किराये के भवन में संचालित अथवा जर्जर स्थिति में हैं। जिस पर महिला बाल विकास मंत्री द्वारा जवाब दिया गया कि हरदा जिले में कुल 699 आंगनवाडी केन्द्र स्वीकृत हैं, 699 केन्द्र वर्तमान में संचालित हैं, 262 केन्द्रों में स्वयं का भवन नहीं है, 131 किराये के भवन में संचालित है 82 जर्जर स्थिति में है। जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 8 पद, सहायिका के 26 पद एवं पर्यवेक्षक के 05 पद रिक्त है।

### कुपोषण का दंश

आंगनवाड़ियों की बदतर स्थिति के चलते इसका खामियाजा मासूम बच्चों को भी भुगतना पड रहा है। जिला कुपोषण के दंश से नही उबर पा रहा है। विधानसभा में महिला बाल विकास मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के मुबाबिक जिले में विगत 03 वर्षों में कुपोषित बच्चों की संख्या 7684 है, जिले में चिन्हित सभी एसएएम एवं एमएएम बच्चों का मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित प्रोटोकॉल से उपचार एवं प्रबंध पोषण प्रबंधन किया जा रहा है। सवाल ये उठता है कि जब सैंकडों की संख्या में आंगनवाड़ियां किराये के छोटे से कमरों में संचालित हो रही है, कई की स्थिति जर्जर है, तो फिर पूरे प्रदेश की क्या स्थिति होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



### इनका कहना है

मंत्री के जवाबों से स्पष्ट है कि क्षेत्र में जमीनी स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। चाहे वह जर्जर आंगनवाड़ी भवन हों, अधूरी जल योजनाएं हों, लंबित विकास कार्य हों या आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कमी।

मैं जनहित से जुड़े इन मुद्दों को लगातार सदन से लेकर शासन स्तर तक आवाज उठाता रहूंगा और हरदा जिले के हितों से कोई समझौता नहीं होने दूंगा।

**डॉ आरके दोगने,** विधायक हरदा।

# चौराहे पर युवक से की मारपीट ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

### वॉट्सऐप विवाद से चौराहे तक पहुंचा मामला



**जागरण, खिरकिया।** नगर में एक युवक के साथ मारपीट एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास का मामला सामने आया है। इस संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज ब्लॉक खिरकिया द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपित के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन के अनुसार 23 फरवरी 2026 की रात्रि लगभग 9.30 बजे वंदना चौराहे पर ब्राह्मण समाज के युवा सदस्य अनुरूप बायवर को बुलाकर उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई। आरोप है कि वार्ड क्रमांक 07 निवासी शेख इमरान पिता शेख वहीद द्वारा पहले व्हाट्सएप ग्रुप पर विवाद किया गया और बाद में चौराहे पर बुलाकर गाली-गलौज एवं हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। घटना में युवक की आंख के नीचे एवं गाल पर चोट आने की बात कही गई है। मामले की रिपोर्ट थाना छीपाबाड में दर्ज कराई गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में रमजान माह एवं होली जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर इस प्रकार की घटनाएं साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपित के विरुद्ध सख्त एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों और साथ ही सर्व समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज को उग्र कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ सकता है। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक हरदा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी खिरकिया को भी प्रेषित की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# हरदा में चक्काजाम और प्रदर्शन कर पीएम मोदी के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

### भारतीय मजदूर संघ आज मनाएगा देशव्यापी विरोध दिवस

**जागरण, हरदा।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर बुधवार 25 फरवरी 2026 को संपूर्ण देश के साथ हरदा जिले में भी विरोध दिवस मनाया जाएगा। श्रमिकों और कर्मचारियों की लंबित मांगों और हालिया केंद्रीय बजट में उनकी अनदेखी के विरोध में मजदूर संघ के कार्यकर्ता सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

### पुरी अधिवेशन में बनी रणनीति

भारतीय मजदूर संघ के जिला पदाधिकारियों ने बताया कि 6 से 8 फरवरी 2026 तक भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में संघ का 21वां अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय अधिवेशन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने श्रमिकों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए। उन्हीं प्रस्तावों को लागू करवाने के उद्देश्य से अब चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है।

### हरदा में दोपहर 3 बजे से जुटेगा हुजूम

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हरदा में दोपहर 3.00 बजे से छीपानेर रोड, इंदौर रोड और मंडी रोड चौराहे पर संघ के कार्यकर्ता एकत्रित होकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। विरोध प्रदर्शन के पश्चात शाम 4.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### श्रम कानूनों पर नाराजगी

भारतीय मजदूर संघ का आरोप है कि केंद्रीय बजट में श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए किसी विशेष लाभ की घोषणा नहीं की गई है, जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी असंतोष है। इसके अतिरिक्त संघ ने नए श्रम कानूनों में कुछ महत्वपूर्ण संशोधनों का प्रस्ताव भी रखा है, जिसे सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है।

### कार्यकर्ता बड़ी संख्या में होंगे शामिल

इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के समस्त आनुषंगिक संगठनों विद्युत, आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता, बैंक, रेलवे आदि के महिला और पुरुष कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने जिले के सभी श्रमिक साथियों से इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### भाजपा मंडल ने सहयोग राशि एकत्रित की



**जागरण, टिमरनी।** भारतीय जनता पार्टी के आजीवन सहयोग निधि अभियान के अंतर्गत टिमरनी मंडल में अभियान चलाकर संगठन के लिए सहयोग राशि एकत्रित की गई। अभियान का उद्देश्य संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए पार्टी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस अवसर पर अभियान के सह संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष विनीत गीते, मंडल अध्यक्ष अतुल बारंगे, मंडल महामंत्री अंकित कनेरे, जिला कोषाध्यक्ष एवं जिला संयोजक समर्थ सिंहल तथा विजय पवार उपस्थित रहे। अभियान के दौरान अनेक पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने आजीवन सहयोग निधि में योगदान देते हुए चेक प्रदान किए। सहयोगकर्ताओं में प्रणय शर्मा, विजय गोयल, विकेश गोयल, नीरज गर्ग, जवागल जैन, राधेश्याम डूडी, सुरेंद्र धनगर, उदित जैन एवं मनोहरलाल राठौर शामिल रहे। अभियान के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### 20 सूत्रीय मांगों को लेकर हरदा में आंदोलन 27 फरवरी को



**जागरण, टिमरनी।** भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल करने सहित 20 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 फरवरी को हरदा में आंदोलन किया जाएगा। इसको लेकर संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर गांव-गांव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। टिमरनी तहसील के तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत ने बताया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए टिमरनी तहसील के लगभग 40 गांवों में कार्यकर्ताओं की चार टोलियां बनाकर किसानों से संपर्क किया जा रहा है। कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आंदोलन की जानकारी दे रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में हरदा पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आंदोलन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के किसानों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

# जनसुनवाई में पहुंचे शोरूम संचालक, लगाया लूट और झूठी एफआईआर कराने का आरोप

### सौंपी फुटेज, निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**जागरण, हरदा।** शहर के प्रतिष्ठित ईशान ऑटो एजेंसी के संचालक सुरेश विधानी ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 18 फरवरी को उनके शोरूम पर संगठित रूप से हमला किया गया और अब पुलिस ने पीड़ितों पर ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी है।

संचालक ने इस पूरे घटनाक्रम के पीछे पप्पू और उसके साथियों का हाथ बताया है।

### सोने की चैन लूटने की शिकायत

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि विवाद के दौरान आरोपियों ने प्रफुल्ल शर्मा के साथ छीनाझपटी की और उनके गले से सोने की चैन लूट ले गए।

संचालक का कहना है कि घटना के वास्तविक शिकार वे स्वयं और उनके कर्मचारी हैं, लेकिन पुलिस ने प्रभाव में आकर शोरूम संचालक सुरेश विधानी और प्रफुल्ल शर्मा के विरुद्ध ही निराधार एफआईआर दर्ज कर दी है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। संचालक ने आवेदन के साथ घटना के सीसीटीवी फुटेज, पूर्व में पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र और शोरूम में कार्यरत युवतियों द्वारा दिए गए बयानों की छायाप्रति भी संलग्न की है।

### संगठित होकर उत्पात मचाने का आरोप

कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में सुरेश विधानी ने बताया कि 18 फरवरी को शुभम पंडित, गोविंद लोखंडे, अरुण कैथवास और आकाश गोस्वामी ने शोरूम में घुसकर अभद्र व्यवहार किया और कर्मचारियों व ग्राहकों को धमकाया। आरोप है कि ये सभी व्यक्ति पप्पू टोपी के इशारे पर काम कर रहे थे और घटना के समय पप्पू स्वयं वहां मौजूद रहकर पूरे घटनाक्रम का संचालन कर रहा था।

### घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच हो

सीसीटीवी के आधार पर पप्पू टोपी सहित सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित पक्ष के विरुद्ध दर्ज की गई झूठी एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए। मामले में लूट की धाराओं का इजाफा कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

जनसुनवाई में आवेदन लेने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। शोरूम संचालक ने विश्वास जताया है कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# चोरियों से दहशत, महिलाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी



**जागरण, टिमरनी।** नगर में पिछले तीन महीनों से लगातार हो रही चोरियों की घटनाओं से आमजन में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार नगर के विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक स्थानों पर एक दर्जन से अधिक बड़ी चोरियां हो चुकी हैं। मंगलवार को टिमरनी नगर के वार्ड क्रमांक 3 की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक के नाम नगर निरीक्षक मुकेश गोड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 03 में तीन बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। हाल ही में काकोडिया परिवार के यहां लगभग 20 लाख रुपये से अधिक की चोरी होने की घटना ने लोगों को झंकझोर कर रख दिया है। नागरिकों का कहना है कि अब तक किसी भी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं हो सका है, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। वार्ड की महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि सात दिनों के भीतर चोरियों का खुलासा नहीं किया गया तो वे थाना परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि शहर में शांति और सुरक्षा का वातावरण बहाल किया जा सके। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से पलक उपरीत, रचना यादव, रेखा यादव, राजश्री तिवारी, गायत्री बाई, प्रेम बाई, ज्योति यादव, दीक्षा उपरीत, सरिता मरावे, उमा बाई सहित वार्ड की महिलाएं मौजूद थी।

**कार्यालय नगर परिषद सिराली जिला हरदा (म.प्र.)**
दूरभाष क्रमांक- Email ID-cmosirali@mpurban.gov.in

क्र. 168//निविदा/न.प./2026 सिराली दिनांक :-23/02/2026

**// निविदा सूचना पत्र //**

हरदा जिले के समस्त भूसा क्रेता/विक्रेता व्यापारियों/कृषकगणों को सूचित किया जाता है कि श्री भीलटदेव गौशाला में गायों के पालन पोषण हेतु गेहूं के भूसे की 01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक आपूर्ति करना है। जो कि लगभग वर्षभर में अनुमानित 200 टन भूसे की आवश्यकता रहती है। इस हेतु समस्त जिले के इच्छुक भूसा क्रेता/विक्रेता व्यापारी/कृषकगण 01 वर्ष तक भूसा श्री भीलटदेव गौशाला सिराली में आपूर्ति करने हेतु अपनी-अपनी दर सीलबंद लिफाफे मे दिनांक 05.03.2026 को दोपहर 03 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त दरें उसी दिन समय 04 बजे खोली जावेगी। समयावधि उपरांत प्राप्त दरों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**शर्तें:-**

1. गेहूं के भूसे की गुणवत्ता उत्तम होना चाहिए।
2. भावपत्र के साथ 5000 (पांच हजार रुपये) अमानत राशि जमा करना होगा।
3. भूसा क्रेता/विक्रेता व्यापारी/कृषकगण को भूसा भीलटेव गौशाला मे स्वयं के साधन से स्वयं के व्यय पर पहुंचाकर देना होगा।
4. भूसा श्री श्रीलटदेव गौशाला में भूसा गोडाउन में आवश्यकता अनुसार आपूर्ति करना होगा। भूसा गोडाउन में भूसा भरने का व्यय स्वयं को वहन करना होगा।
5. गौशाला में भूसा खाली कर चौकीदार से पर्ची लेना अनिवार्य होगा।
6. भूसे का प्लेटकांटा स्वयं के व्यय पर कराना अनिवार्य होगा। प्लेटकांटे की पर्ची अनुसार ही भुगतान किया जावेगा।
7. शर्तों का उल्लंघन करने पर अनुबंध निरस्त कर अन्य सप्लायर से उसी दर पर भूस क्रय किया जावेगा।
8. दर स्वीकृत होने उपरांत 500 रु. के स्टाम्प पर अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।
9. दर स्वीकृति होने उपरांत ब्लैंक चेक हस्ताक्षर कर जमा करना अनिवार्य होगा।
10. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी का होगा।
11. भूसा गोडाउन के साइड में खाली स्थान में आप भूसा स्टाक कर सकते हो। जिसको अग्नि, पानी से सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की रहेगी। स्टाक किया हुआ भूसा गोडाउन में प्लेट कांटा के वजन के उपरांत ही भरा जायेगा प्लेट कांटे के रसीद के अनुसार बिल भुगतान किया जावेगा। वर्षा ऋतु में यदि भूसा खराब होता है। तो खराब भूसा नहीं लिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सिराली**

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जागरुकता कार्यक्रम 27 फरवरी को

**जागरण, हरदा।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर के द्वारा जिला प्रशासन हरदा के सहयोग से पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 27 फरवरी को किया जाएगा। महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सुश्री मेघा सुमन ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम 27 फरवरी को निजी होटल में सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा स्कीम में रजिस्टर्ड लाभार्थी सीधे उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं। इसके लिए पीएम विश्वकर्मा आईडी कार्ड लाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम के दौरान पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ईकॉमर्स, केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं, ट्रेनिंग एवं टूल किट आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर, जिला व्यापार उद्योग केंद्र, अग्रणी बैंक अधिकारी, भारतीय डाक, हथकरघा विभाग, शासकीय आईटीआई विभागों के अधिकारियों के द्वारा जानकारी दी जाएगी। साथ ही विभिन्न समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा।

# 210 ग्राम पंचायतों में पहुंचा कृषि रथ, जिले के 6 हजार 720 किसानों को दी गई कृषि संबंधी उपयोगी सलाह

### नरवाई प्रबंधन में उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए किया प्रेरित, 630 जनप्रतिनिधि हुए शामिल




**जागरण, हरदा।** मप्र शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मप्र शासन एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में हरदा जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का संचालन 11 जनवरी से 11 फरवरी तक किया गया। उप संचालक कृषि जेएल कास्दे ने बताया कि जिले के विकासखंडो में संचालित कृषि रथों द्वारा 210 ग्रामपंचायतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान 6720 कृषक तथा 630 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों व वैज्ञानिकों ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी। कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर उडद, मूंगफली एवं तिल फसल लगाने, फसल कटाई उपरांत शेष अवशेष यथा नरवाई प्रबंधन हेतु उन्नत कृषि यंत्रो जैसे सुपरसीडर, मल्चर, रोटावेटर इत्यादि का उपयोग कर नरवाई को मृदा में अपघटित करने एवं प्राकृतिक व जैविक कृषि करने, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं तथा समसामयिक सलाह प्रदान की गई। उप संचालक श्री कास्दे ने बताया कि कृषि रथ कार्यक्रम के सफल संचलन में कृषि विस्तार अधिकारियो, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक व सहायक तकनीकी प्रबंधक, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर के मैदानी अमले की सक्रीय भागीदारी रही है।



## न्यूज कार्नर

### यादव जी की लव स्टोरी पर तत्काल रोक लगाने की मांग

**मुलताई जागरण।**
अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने राष्ट्रीय महासचिव बद्रीप्रसाद यादव के नेतृत्व में मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने और इसकी निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की। महासभा के प्रदेश सचिव गंगाप्रसाद यादव ने कहा कि ओम ठकुरानी प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर और सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज की छवि को एक वर्ग विशेष के संदर्भ में जिस प्रकार प्रस्तुत किया गया है, उससे समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यादव समाज सदैव राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अग्रणी रहा है। ऐसे में किसी भी माध्यम से समाज की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़ा होना व्यापक स्तर पर पीड़ा और रोष का कारण बना है। मध्यप्रदेश सहित देशभर के करोड़ों समाजजनों में चिंता, असंतोष और आक्रोश का वातावरण निर्मित हो रहा है।

महासभा ने स्पष्ट किया कि उद्देश्य विवाद या टकराव उत्पन्न करना नहीं, सामाजिक सौहार्द और पारस्परिक सम्मान की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री से करबद्ध निवेदन किया गया है कि फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकें। साथ ही इस विषय को केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में लाकर राष्ट्रीय स्तर पर फिल्म पर रोक लगाने की पहल करने की मांग की गई है, जिससे जातिगत भावनाएं भड़कने से रोकी जा सकें और सामाजिक समरसता अक्षुण्ण बनी रहे। ज्ञापन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील नेतृत्व शैली और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता पर विश्वास जताते हुए संतुलित एवं न्यायपूर्ण निर्णय की अपेक्षा व्यक्त की गई द्व ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सचिव गंगाप्रसाद यादव, ज्योति यदुवंशी प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### तीन आरोपियों को जिला बदर करने के आदेश जारी

**खण्डवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल 3 आरोपियों सजल उर्फ विट्ठू पिता संजय राठौर निवासी गणगौर गली खण्डवा, शुभम उर्फ शिवा पिता सोमाजी निवासी ग्राम जामली मूंदी तथा ऋषि उर्फ बाबू पिता राजेन्द्र उर्फ रज्जू शुक्ला निवासी खेड़ीघाट, थाना मांधाता को आगामी 1 वर्ष के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश अनुसार इस अवधि में ये आरोपी न केवल खण्डवा जिले की सीमा में बल्कि साथ ही पड़ोसी जिलों बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

### क्षत्रिय मराठा समाज ने सौंपा ज्ञापन

**खरगोन।** बिस्टान रोड तिराहा का नामकरण छत्रपति शिवाजी महाराज तिराहा और उनकी मूर्ति स्थापना कराने हेतु क्षत्रिय मराठा समाज ट्रस्ट खरगोन के अध्यक्ष अनिल कोकणे के नेतृत्व में समाजजनों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र खरगोन के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर श लोकेन्द्र छापर को एवं संसद गजेन्द्रसिंह पटेल विधायक बालकृष्ण पाटीदार और अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन छाया जोशी को ज्ञापन सौंपे। जनप्रतिनिधियों ने उक्त कार्य का समर्थन करते हुए इनको यथाशीघ्र कराने का समाजजनों को आश्वासन दिया है। इस अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज ट्रस्ट खरगोन के सुरेश लोकरे अनिल ओगले योगेश वाघ अनिल जाधव दीपक वाघ अमित दलवे पल्लव कदम विशाल कराले रमेश पवार सुरेश कोराले अजय सोनोने नितिन घाडगे सुनील दलवे मंदा कराले तरुणा कदम भारती कोकणे स्नेहलता लाण्डगे आदि उपस्थित रहे।

### कीमोथैरेपी यूनिट से मरीजों को मिल रहा जीवनदान

**खण्डवा।** श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खण्डवा में कीमोथेरेपी की सुविधा पुरानी आई.सी.यू.यूनिट में संचालित की जा रही है। यहां पर कुल 4 बेड की कीमोथेरेपी यूनिट बनाई गई है,जिसमें मरीजों को सुबह भर्ती होकर लगातार शाम तक डिस्चार्ज कर दिए जाते हैं। सोमवार को जिला अस्पताल के डे केयर सेंटर में कुल 4 मरीजों को कीमोथैरेपी यूनिट में भर्ती रखकर कैंसर प्रोग्राम नोडल अधिकारी डॉ.विशाल श्रीवास्तव के ऑब्जर्वेशन में मरीजों को कीमोथैरेपी दी गई।

# पाइपलाइन के फूटने से हजारों लीटर पानी सड़कों पर बह गया

## फिल्टर प्लांट में केमिकल की गड़बड़ी से हजारों लीटर पानी बर्बाद



**बैतूल जागरण।**
शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र गोले ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पालिका की मेहरबानी के कारण ठेकेदार रोज आम जनता के पैसे और सरकारी राजस्व को चूना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने अपने कमीशन के चक्कर में पूरे शहर को बेच दिया है और व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। विजेंद्र गोले ने कहा कि एक ओर कालेज चौक पर दर्जनों पेड़ काट दिए गए, जिससे पर्यावरण को सीधा नुकसान पहुंचा है। बिना पारदर्शिता और जवाबदेही के इस तरह पेड़ों की कटाई होना शहर के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने पूछा कि आखिर इसकी अनुमति किस आधार पर दी गई और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर सरकारी पाइपलाइन फोड़ दी गई, जिसके कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। उन्होंने कहा कि जब गर्मी के दिनों में पानी की कमी होगी तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

नगर पालिका की अनदेखी और ठेकेदारों की लापरवाही से जल संकट और गहराने की आशंका है। विजेंद्र गोले ने यह भी आरोप लगाया कि फिल्टर प्लांट में केमिकल की वजह से हजारों लीटर पानी बर्बाद कर दिया गया, लेकिन नगर पालिका में आज दिनांक तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से संचालित व्यवस्था में इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। शिवसेना जिला अध्यक्ष विजेंद्र गोले ने बैतूल की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि लोग जागें और जवाब मांगें। यदि इसी तरह लापरवाही और कमीशनखोरी चलती रही तो आने वाले समय में शहर को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## एक समागम की सफलता के बाद अब दूसरे ऐतिहासिक महाकुंभ के लिए तैयारियां शुरू

**बैतूल/ जागरण ।**
आध्यात्मिक जगत में इन दिनों मध्य भारत के जिले बैतूल में स्थित सतलोक आश्रम, चर्चा का केंद्र बना हुआ है। अभी संत रामपाल जी महाराज के बोध दिवस समागम की भव्यता की गूँज थमी भी नहीं थी कि आश्रम में एक और ऐतिहासिक उत्सव की तैयारियाँ युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। आगामी गुरुवार से यहाँ संत गरीबदास जी महाराज (छुड़ानी वाले) का 300वां बोध दिवस अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए आश्रम में जोरदार तैयारियां चल रही है, फोर लाइन से आश्रम तक संगत के आने के लिए बिछायत की जा रही है, पूरे आश्रम को लाइटिंग द्वारा सजाया जा रहा है, संगत के आने के लिए भव्य प्रवेश द्वार बनाएं जा रह है। आश्रम के चारों तरफ कबीर साहेब जी के स्वरूप व वाणियो के फ्लेक्स लगाए जा रहे है। यह दिवस उस पावन स्मृति को समर्पित है, जब 300 वर्ष पूर्व फाल्गुन मास में परमेश्वर कबीर साहेब ने 10 वर्षीय बालक गरीबदास जी को दर्शन देकर उन्हें 'सतलोक' का भ्रमण कराया था और पूर्ण तत्वज्ञान (बोध) प्रदान किया था। इसी उपलक्ष्य में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में यह तीन दिवसीय समागम आयोजित हो रहा है। पिछले समागम के तुरंत बाद, बिना किसी विश्राम के हजारों सेवादार पुनः अपनी ड्यूटियों पर मुस्तैद हो गए हैं। विशाल वाटरप्रूफ पंडालों की सजावट, पार्किंग व्यवस्था और लाखों श्रद्धालुओं के लिए रुकने के प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं। मंगलवार सुबह से ही शुद्ध देसी घी से निर्मित मोहनभोग, लड्डू, जलेबी और पूड़ी-सब्जी का प्रसाद तैयार करने के लिए हलवाई सेवादार मोर्चा संभाल लेंगे। गुरुवार से संत गरीबदास जी महाराज की अमृत वाणी से पूरा आश्रम गुंजायमान हो जाएगा। संत रामपाल जी महाराज के इस समागम की सबसे बड़ी खूबी इसका सामाजिक सरोकार है। यहाँ अमर ग्रंथ साहिब के पाठ के साथ-साथ कुरीतियों पर कड़ा प्रहार देखने को मिलेगा। दर्जनों जोड़े बिना किसी बैंड-बाजे और बिना किसी लेन-देन के मात्र 17 मिनट में गुरुवाणी के बीच विवाह बंधन में बंधेंगे। मानवता की सेवा में हजारों भक्त रक्तदान करेंगे और मृत्यु उपरांत शरीर दान करने का संकल्प लेंगे। इसके साथ ही सतलोक आश्रम में आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें संत गरीबदास जी महाराज की लीलाओं पर आधारित चित्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को उनसे परिचित कराया जाएगा गुरुवार सुबह से 'अमर ग्रंथ साहिब' का अखंड पाठ शुरू होगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। आश्रम के सेवादारों ने बताया कि वास्तव में वही संत पूर्ण कहलाता है जो केवल उपदेश न दे, बल्कि अपने ज्ञान को आचरण में उतारकर समाज को नई दिशा दे, जो कुरीतियों और पाखंड को समाप्त करने का प्रयास करे और साधकों को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करे।वर्तमान में संत रामपाल जी महाराज पवित्र धर्मग्रंथों के आधार पर अपने आध्यात्मिक विचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

## चिचोली के पटवारी 25-26 को अवकाश पर, 27 से आंदोलन की चेतावनी

**बैतूल/ जागरण ।**
अनूपपुर जिले में पटवारियों पर कथित प्रशासनिक तानाशाही के विरोध में तहसील चिचोली के पटवारियों ने 25 एवं 26 फरवरी को सामूहिक अवकाश पर रहने की घोषणा की है। साथ ही 27 फरवरी से आंदोलन की चेतावनी भी दी है। पूरा मामला अनूपपुर जिले के 38 पटवारियों पर अर्थदंड लगाए जाने, 30 पटवारियों को बिना नोटिस निलंबित करने तथा वेतनमान रोके जाने के आरोप से जुड़ा है, जिसे लेकर प्रदेशभर में आक्रोश की स्थिति बताई जा रही है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर तहसील अध्यक्ष सुखदेव गंगारे ने तहसीलदार चिचोली को दिए सूचना पत्र में उल्लेख किया है कि जिला अनुपपुर के समस्त पटवारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं होने की स्थिति में चिचोली तहसील के सभी पटवारी उनके समर्थन में 25 एवं 26 फरवरी को अवकाश पर रहेंगे। सूचना पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 27 फरवरी से आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। संघ ने इसे प्रदेश भर के पटवारियों के साथ हो रहे व्यवहार से जोड़ते हुए गंभीर विषय बताया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि अनुपपुर में 38 पटवारियों पर अर्थदंड लगाया गया है, 30 पटवारियों को बिना नोटिस निलंबित किया गया है, कई पटवारियों का वेतनमान रोका गया है, प्रमुख त्योहारों पर वेतन काटा गया है तथा नवीन पटवारियों को परिवीक्षा अवधि से सेवा समाप्ति के नोटिस दिए गए हैं। संघ का कहना है कि यह घटनाएं केवल अनुपपुर तक सीमित नहीं हैं, प्रदेश भर में पटवारियों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा है।इस मामले में 24 फरवरी को तहसीलदार चिचोली को ज्ञापन सौंपकर अवकाश संबंधी सूचना दी। ज्ञापन देने वालों में तहसील पटवारी संघ चिचोली के अध्यक्ष सहदेव गंगारे, सचिव संजय नागले, कोषाध्यक्ष मोरध्वज टिकमे, प्रांतीय सदस्य विवेक मालवी सहित ज्योति बचले, विवेक मालवीय, आरती इवने मौजूद रहे।

# भीलावाड़ी में शासकीय भूमि विवाद में खड़ी फसल पर चलाई जेसीबी

**बैतूल जागरण।**
ग्राम भीलावाड़ी में शासकीय भूमि को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। खसरा नंबर 83/4 और 83/5 को लेकर चल रहे नामांतरण विवाद के बीच खड़ी फसल पर जेसीबी चलाने का मामला सामने आया है। वर्ष 1980 से भूमि पर काबिज होने का दावा कर रहे सात भूमि हीन परिवारों ने कलेक्टर से शिकायत कर एफआईआर दर्ज कराने और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव, धारा 250 मध्यप्रदेश राजस्व संहिता के प्रकरण और 29 अप्रैल 2025 से लंबित जनसुनवाई आवेदन को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता रामकिशोर पिता चिरोंजी मेहरा उम्र 60 वर्ष, अखलेश पिता प्रेमलाल मेहरा उम्र 30 वर्ष, भाऊराव पिता मना खातरकर उम्र 45 वर्ष, अंगद पिता मना खातरकर उम्र 50 वर्ष, बबलू पिता झामलाल टेकाम उम्र 40 वर्ष, मनोज पिता जुग्गी मेहरा उम्र 40 वर्ष तथा लक्ष्मी पति छोटु मेहरा उम्र 60 वर्ष, सभी निवासी भीलावाड़ी तहसील जिला बैतूल ने संयुक्त आवेदन में बताया कि मौजा भीलावाड़ी के खसरा नंबर 83/4 रकबा 3.100 हेक्टेयर भूमि पूर्व में घास मद में दर्ज थी और वर्ष 1980 से 2000 तक के खसरा अभिलेखों में उनका कब्जा दर्ज रहा है। आवेदकों के अनुसार कलेक्टर बैतूल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 931/59 वर्ष 1999-2000 के आदेश दिनांक 19 जून 2000 से भूमि मंद घास से परिवर्तित होकर काबिज काश्त घोषित की गई थी।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मलकापुर निवासी राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य ने बिना विधिसम्मत आदेश के खसरा नंबर 83/5 रकबा 3.024 हेक्टेयर में अपना नाम दर्ज करा लिया, जिसकी सूचना आवेदकों को नहीं दी गई। शिकायत में कहा गया है कि नाम दर्ज होने संबंधी कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। आवेदकों के अनुसार अनावेदकों ने खसरा नंबर 83/4 का सीमांकन कराया और उनके विरुद्ध धारा 250 का प्रकरण प्रस्तुत किया। दस्तावेज प्रस्तुत कराने के लिए आवेदन देने पर तहसीलदार द्वारा दस्तावेज उपलब्ध न कराने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है।शिकायत में यह भी आरोप है कि 23 फरवरी 2026 को खसरा नंबर 83/5 के बजाय 83/4 की भूमि पर जेसीबी चलाकर खड़ी फसल उजाड़ने का प्रयास किया गया। आवेदक रामकिशोर ने बताया कि इस संबंध में 29 अप्रैल 2025 को जनसुनवाई में आवेदन दिया गया था, जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। सातों आवेदकों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर नामांतरण प्रक्रिया की वैधता की पड़ताल, संबंधित दस्तावेजों की जांच तथा आवश्यकतानुसार एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की।

# स्नेह सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी निमाड़ अंचल की झलकियां

## आपके पुस्तकों के झोले में भविष्य की आशाएं हैं : सांसद गजेंद्र सिंह पटेल

**जागरण,खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में स्नेह सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय परिसर सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निमाड़ अंचल की लोकसंस्कृति वेशभूषा और परंपराओं की आकर्षक झलकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने न केवल कला कौशल का प्रदर्शन किया बल्कि अपनी माटी से जुड़े रहने का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ जीएस चौहान के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने महाविद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों और विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी देते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

सीकल सेल अनिमिया उन्मूलन हेतु कई वर्षों से कार्यरत डॉ. हितेश मुजाल्दा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक, माता-पिता और मातृशक्ति का सम्मान किए बिना कोई भी सफलता सार्थक नहीं हो सकती। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का सीमित उपयोग कर पुस्तकों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा ने अपने महाविद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए संस्थान से अपने भावनात्मक जुड़ाव को व्यक्त किया। खरगोन-बड़वानी क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने विद्यार्थियों को मोबाइल और एआई के सकारात्मक उपयोग की सीख दी।




उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग देश को आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के कथन सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं बल्कि सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते का उल्लेख करते हुए युवाओं को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के संदेश उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' को स्मरण कराते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि असफलता भी सीखने की एक प्रक्रिया है और सही संवाद हर समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जैसे क्रांतिवीरों ने स्वतंत्र भारत का सपना साकार किया, वैसे ही आज के युवा 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को अवश्य पूरा करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 39 प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता झलकी। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा के महापुरुषों की प्रेरणादायी चित्रात्मक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही, जिसने विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की प्रेरणा दी।

## पहल : 13 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर 'ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग' के दर्शन किए




**जागरण,खंडवा। रक्तदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार से जिला प्रशासन द्वारा एक नई पहल शुरू की गई है।**

इसके तहत ओंकारेश्वर में रक्तदान करने पर ज्योतिर्लिंग मंदिर मे वी.आई.पी. प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होने लगी है। रक्तदान करने वाले सभी श्रद्धालुओं को भगवान ओंकारेश्वर का फोटो एवं प्रसाद भी भेंट किया गया।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि पहले दिन मंगलवार को कुल 13 श्रद्धालुओं ने ओंकारेश्वर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान कर निःशुल्क प्रोटोकॉल दर्शन सुविधा का लाभ लिया।

उन्होंने बताया कि अभी ओंकारेश्वर में अभी यह सुविधा केवल मंगलवार व शनिवार को ही उपलब्ध है। निकट भविष्य में प्रतिदिन रक्तदान व वी.आई.पी. प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी।

## लायंस क्लब ने कन्या महाविद्यालय में दी गुड टच बेड टच की जानकारी



**जागरण,खंडवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा लायन्स के गवर्नर अनिल खंडेलवाल के दिशा निर्देशानुसार छात्राओं को गुड टच बेड टच की जानकारी देने हेतु कन्या शालाओं, छात्रावास व विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नारायण बाहेती ने बताया कि इस कड़ी में माखन लाल चतुर्वेदी कन्या महाविद्यालय में लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने योग शिक्षा के साथ ही गुड टच व बेड टच विषय पर जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यदि कोई बेड टच करता है तो उसकी जानकारी अपने माता पिता को अवश्य देवे।

प्रिंसिपल डॉ विनय जैन,प्रोफेसर मीना जैन,प्रोफेसर संगीता जैन,प्रोफेसर मोहन तिरोले रजक सर, खेल अधिकारी अंशुल चौहान,मीना जैन ने भी छात्राओं को जागरूक करते हुए जो विभिन्न गांवों से बेटियां आती है उनको अपने गांव में अपने छोटे भाई,बहन को भी जागरूक करने के लिए कहा और शासन के द्वारा जो मदद के लिए नंबर है वह बताएं । अपने मोबाइल में इन जरूरी नम्बरों को रखने की समझाइश दी। विश्व साइन जो अभी बच्चों की किडनैपिंग में चल रहा है वह भी बताया गया।

# खंडवा को आईएसओ 9001 एवं 14001 प्रमाण पत्र मिला

**जागरण, खंडवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय खंडवा को मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानको के अनुरूप कार्य करने पर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र क्रमांक 9001 एवं एनवायरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ प्रमाण पत्र क्रमांक 14001 प्रदान किया गया। आईएसओ टीम, नई दिल्ली के प्रतिनिधि शिवांशु तिवारी द्वारा औपचारिक रूप से प्रमाण पत्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा ममता जैन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण भी वितरित किये गये। कार्यक्रम में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा ममता जैन ने दिव्यांग राजू चौहान, राम सिंह घौहान, अमरदास चौहान को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को बैसाखी एवं वाकिंग स्टिक भी प्रदान की गई। प्रधान न्यायाधीश श्रीमती जैन ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि न्याय केवल न्यायालय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक कमजोर वर्ग तक पहुंचना ही सच्ची न्याय सेवा है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,खण्डवा को यह प्रमाण पत्र मिलना इस बात का प्रमाण है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा द्वारा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन करते हुए जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश,कुटुंब न्यायालय योगराज उपाध्याय,द्वितीय जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री अरविंद सिंह टेकाम, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री आशीष प्रताप सिंह चतुर्थ जिला न्यायाधीश वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे सहित पैरालीगल वालंटियर्स एवं न्यायालय के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।





## न्यूज कार्नर

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी युवक को टक्कर

**जागरण, इटारसी।** क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ग्राम जमानी के पास तालाब के पास का है, जहां एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 15 फरवरी की शाम करीब 5 बज की है। फरियादी कन्हैयालाल राजपूत पिता कन्हैयालाल, उम्र 39 वर्ष, जो मूल रूप से सिवनी मालवा के ग्राम धामनी के निवासी हैं और वर्तमान में इटारसी आईटीआई के पास रह रहे हैं, जमानी तालाब के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल एमपी 05 जेडजे 8645 के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कन्हैयालाल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्हें चोटें आई हैं।

### खेत से 8 फीट लंबे घोड़ापछाड़ का रेस्क्यू



**जागरण, इटारसी।** ग्राम रूपापुर में उस समय हड़कंप मच गया जब पप्पू यादव के खेत में स्थित बबूल के पेड़ पर एक विशालकाय सांप दिखाई दिया। ग्रामीण नीलेश पटेल की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्र अभिजीत यादव, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे तत्काल मौके पर पहुंचे। टीम ने करीब 8 फीट लंबे इंडियन रैट स्नेक (घोड़ापछाड़) को पकड़ा। यह सांप बिना जहर वाली प्रजाति का था। रेस्क्यू के बाद सांप को सुरक्षित स्थान पर रिलीज कर दिया है।

### अनियंत्रित कार ने महिला को मारी टक्कर

**जागरण, इटारसी।** शहर के खेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। साईं कृष्णा रिसोर्ट के पास एक अज्ञात कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई हैं। पुलिस के अनुसार, फरियादी राममोहन मेहरा पिता कोमल मेहरा, उम्र 45 वर्ष, निवासी कोलार कॉलोनी, भोपाल अपनी पत्नी माला मेहरा के साथ इटारसी आए हुए थे। जब वे खेड़ा स्थित साईं कृष्णा रिसोर्ट के बाजू में, पेट्रोल पंप के सामने मौजूद थे, तभी एक सफेद रंग की कार एमपी 04-3056 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए माला मेहरा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उन्हें शारीरिक चोटें आई हैं।

### महिला से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोमतीपुरा में आपसी विवाद के चलते एक महिला के साथ अभद्रता और मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी मालती कासदे पति मांगीलाल कासदे, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोमतीपुरा, अपने घर के सामने मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही दो युवक वहां पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों की पहचान राहुल पिता गजराज भूसारे और संदीप पिता जुगल चौहान ने मिलकर मालती को गालियां दीं और उनके साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### 13 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक महज 4 करोड़ की वसूली, दुकान किराया, जलकर और संपत्तिकर के करोड़ों बकाया

# एसआईआर सर्वे ने बिगाड़ा वसूली का गणित
# वित्तीय वर्ष के अंत में युद्ध स्तर पर उतरा अमला

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी के लिए चालू वित्तीय वर्ष की राजस्व वसूली एक बड़ी चुनौती बन गई है। चुनाव आयोग की महत्वाकांक्षी योजना मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नगर पालिका के अमले की व्यस्तता ने सीधे तौर पर राजस्व संग्रहण की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। स्थिति यह है कि कुल 13.12 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध अब तक महज 3.75 करोड़ रुपये लगभग 30 प्रतिशत ही सरकारी खजाने में आ सके हैं। अब वित्तीय वर्ष की समाप्ति के करीब आते ही सीएमओ ऋतु मेहरा के सख्त निर्देश के बाद राजस्व विभाग 'वॉर मोड' में नजर आ रहा है।

### सर्वे की ड्यूटी और राजस्व का नुकसान

राजस्व विभाग के सूत्रों की मानें तो पिछले तीन महीनों से अमले के एसआईआर कार्य में लगे होने के कारण डोर-टू-डोर वसूली और बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई का काम पूरी तरह प्रभावित रहा। यदि यह अमला अपनी मूल ड्यूटी पर होता, तो अनुमानित रूप से 1 करोड़ रुपये प्रतिमाह की अतिरिक्त वसूली सुनिश्चित की जा सकती थी। विभाग का मानना है कि अब तक कुल बकाया का कम से कम 40 फीसद हिस्सा वसूला जा चुका होता, जो फिलहाल 30 प्रतिशत के आसपास ही अटका है।



### सीमित संसाधनों के भरोसे टारगेट

नगर पालिका के राजस्व विभाग में वर्तमान में कुल 14 में से 8 सहायक राजस्व निरीक्षक और एक राजस्व निरीक्षक के भरोसे पूरे शहर की वसूली का जिम्मा है। हाल ही में सीएमओ ऋतु मेहरा ने विभागीय समीक्षा बैठक में दो टूक शब्दों में कहा है कि वसूली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हो सकता है कि टीम बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर सब मिलाकर करीब 750 से अधिक नोटिस जारी किये हैं। यदि बकायादार अपना बकाया जमा करने में रुचि नहीं दिखाते हैं तो फिर नगर पालिका का राजस्व विभाग कुर्की और नल विच्छेदन जैसी कठोर कार्रवाई की तैयारी में है।

### उम्मीद अभी बाकी है

राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पांडेय के नेतृत्व में टीम सक्रिय है। विभाग को उम्मीद है कि आने वाले डेढ़ महीने में युद्ध स्तर पर काम करके शेष 9.37 करोड़ रुपये के बड़े हिस्से की वसूली कर ली जाएगी। इसके लिए विशेष वार्ड-वार शिविर और मुनादी का सहारा भी लिया जा रहा है।

### बकाये का लेखा-जोखा : करोड़ों में फंसी है राशि

नगर पालिका के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो विभिन्न करों के तहत भारी भरकम राशि बकाया है, जिसे वसूलना अब राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पांडेय और उनकी टीम के लिए 'अग्निपरीक्षा' जैसा है।

#### संपत्ति कर : बड़ा बकाया

नगर के 19,313 संपत्तिकर दाताओं से कुल 3.76 करोड़ रुपये वसूले जाने थे। इसमें से अब तक केवल 1.46 करोड़ की वसूली हो पाई है, जबकि 2.29 करोड़ रुपये अभी भी बकाया हैं।

#### जलकर : वसूली सुस्त

शहर में जल प्रदाय के एवज में वसूले जाने वाले कर की स्थिति भी चिंताजनक है। 2.98 करोड़ रुपये के कुल मांग के मुकाबले केवल 41.67 लाख रुपये ही जमा हुए हैं। 2.57 करोड़ रुपये की राशि अभी भी नागरिकों के पास लंबित है।

#### दुकान किराया एवं भूमि लीज

नगर पालिका की संपत्तियों और दुकानों के किराये के रूप में 3.01 करोड़ रुपये का लक्ष्य था। हालांकि, इसमें विभाग केवल 53.88 लाख रुपये ही वसूल सका है। करीब 2.47 करोड़ रुपये की वसूली होना शेष है।

#### समेकित कर और कचरा प्रबंधन

समेकित कर के तहत 66.24 लाख और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (कचरा संग्रहण शुल्क) के तहत 84.74 लाख रुपये की वसूली के लिए अब टीम को गली-कूचों में पसीना बहाना होगा।

### इनका कहना है...

बड़े बकायादारों को लक्ष्य करके काम किया जा रहा है। लगातार नोटिस जारी किये जा रहे हैं। इस बार एसआईआर के कारण वसूली प्रभावित हुई है, लोक अदालत में भी अपेक्षित राजस्व नहीं मिला। अब काम में तेजी जाने के निर्देश और लक्ष्य दिया है। उम्मीद है, हम लक्ष्य हासिल करेंगे।

**ऋतु मेहरा, सीएमओ**

### आरपीएफ ने अस्पताल पहुंचाया

## चलती ट्रेन में गर्भवती को उठी प्रसव पीड़ा



**जागरण, इटारसी।** रेलवे सुरक्षा बल और रेल प्रशासन की सजगता से सोमवार रात एक गर्भवती महिला यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

### क्या था मामला?

ट्रेन संख्या 11061 पवन एक्सप्रेस के कोच एस-7, बर्थ नंबर 13, 14 में यात्रा कर रही 19 वर्षीय रजनी कुमारी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। रजनी अपने देवर सोनू कुमार के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दरभंगा बिहार की यात्रा कर रही थीं।

डिप्टी एसएस (वाणिज्य) विनोद सिंह को सूचना मिलते ही ट्रेन के इटारसी पहुंचते ही आरक्षक नवाब सिंह और अजीत सोरेंग मौके पर पहुंचे। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल ट्रेन से नीचे उतारा और दयाल अस्पताल की एम्बुलेंस के माध्यम से शासकीय अस्पताल, इटारसी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

## किसान महाचौपाल : जिले से 4 हजार कांग्रेसियों का जत्था रवाना

**जागरण, इटारसी।** केंद्र सरकार की अमेरिका ट्रेड डील और किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल एवं विधानसभा घेराव में नर्मदापुरम जिले ने अपनी बड़ी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिले की पांचों विधानसभाओं से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राजधानी पहुंचे।

### सुबह से दिखा उत्साह

मंगलवार सुबह 8 बजे से ही इटारसी का जयस्तंभ चौक कांग्रेसमय नजर आया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजन यहां एकत्र हुए। इसके बाद रेस्ट हाउस चौराहे से एक पैदल रैली निकाली। हाथों में तिरंगा झंडा थामे कार्यकर्ताओं ने अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर अध्यक्ष गोस्वामी ने कहा कि जहां केंद्र की मोदी सरकार ने ट्रेड डील से किसानों का आर्थिक नुकसान किया है, वहीं प्रदेश सरकार की नीतियां भी जनविरोधी हैं।




### उमड़ा जनसैलाब

जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रेस विज्ञप्ति बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में पूरे नर्मदापुरम जिले से लगभग 4000 कार्यकर्ताओं ने इस महाआंदोलन में हिस्सा लिया। पिपरिया, सोहागपुर, नर्मदापुरम और सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों से भारी संख्या में कांग्रेसी भोपाल पहुंचे।

भोपाल में आयोजित ऐतिहासिक महाचौपाल के दौरान शीर्ष नेतृत्व ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी ने ट्रेड डील को किसानों के अधिकारों पर हमला बताया। इस दौरान प्रदेश के दिग्गज नेता जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, मानक अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 45 गाड़ियों के काफिले से भोपाल कूच

इटारसी नगर कांग्रेस का जत्था 45 गाड़ियों के काफिले के साथ भोपाल के लिए रवाना हुआ। कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। रवाना होने से पूर्व नेताओं ने कहा कि वे भोपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के ओजस्वी विचारों को सुनकर उन पर अमल करेंगे।

### दैनिक जागरण की पहल रंग लाई

## निकिता के जीवन के लिए दो दिन में 2.86 लाख से अधिक की मदद एकत्र



**जागरण, इटारसी।** शहर के संवेदनशील नागरिकों ने एक बार फिर निकिता के लिए हाथ खोल दिए हैं। 23 वर्षीय निकिता चौरे, जिसकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, उसे नई जिंदगी देने के लिए दैनिक जागरण इटारसी के ब्यूरो चीफ अनिल मिहानी की भावुक अपील का व्यापक असर हुआ है। 23 फरवरी को जहां 1,51,011 रुपये की राशि एकत्र हो चुकी थी, वहीं 24 फरवरी को शहर की विभिन्न संस्थाओं और दानदाताओं ने 1,35,082 रुपये की अतिरिक्त सहायता पहुंचाई है। अब तक कुल सहायता राशि 2,86,093 रुपये के सम्मानजनक आंकड़े को पार कर गई है।

### आज के प्रमुख दानदाता (नए अपडेट)

श्रीतारण तरण जैन युवा परिषद 31000, सुरेशचंद्र पांडे एक्सप्रेस इलेवन परिवार 12121, हरिओम संस्था गोपाल सिद्धवानी 5100, श्री साईं सामाजिक कल्याण समिति 5100, चिकित्सक गुप्तदान 5100, चंद्रभान सदनमल 5100, डॉ. रवि टिकरिया 5100, ज्वेलर्स गुप्तदान 5100, चिकित्सक गुप्त दान 5001, अनिल जैन 5000, डॉ. धीरज पाठक नर्मदापुरम 3100, सभापति राकेश जाधव 3100, अरविंद गोयल अधिवक्ता 2100, भविष्य मनोज सारन 2100, दीपू डॉ. आरबी अग्रवाल 2000, पवन चौधरी भीलाखेड़ी 2000, डॉ. राजेश जायसवाल 2000, जपीश बंटी लांबा 2000, हेमंत महोबिया 2000, विशाल गंगलानी 1500, अंकित गंगराड़े 1100, राकेश सगोरिया 1100, सुनील गजवानी 1100, गीतांजलि जितेंद्र चौरसिया 1100, नितिन नवलानी 1100, पार्षद श्रीमती मीना साहू 1000, सुभाष कामले केसला 1000, एसके वासनिक 1000, प्रियंक गोयल सर 1000, आलोक गिरोटिया 1000, शानु छाबड़ा 1000, सर्वजीत सैनी 1000, प्रशांत जैन वर्धमान 1000, सतीश चौधरी 1000, जयभान सिंह भानू 1000, संजीव श्रीवास्तव मामू 1000, डॉ. जितेंद्र कुमरावत 501, शब्बीर भाई टीए शाह 501, निशा चतुर्वेदी 501, निशा हिमांशु चतुर्वेदी 501, गुप्तदान 501, शिवदर्शन सिंह राजपूत 500, मधुर जैन अनुपम 500, मप्पन लालवानी 500, महेश राणे 500, सानवी इंटरप्राइजेज 500, मनोज कुमार गुप्ता 500, घनश्याम तिवारी जीएसटी 500, शेख फारुख पंच 500, टीएस मीना 500, बबली ठाकुर 500, नीतेश चौहान 500, केके शर्मा 500, अंकित पटेल 500, कमल चाचरा 500, रवि अग्रवाल 500, नवीन चौहान 500, मुरली मनोहर दीक्षित 500, मनोहर सुंदरानी 500, सोमेश्वर राव 301, जयराम सिद्धवानी 251, बसंत चौधरी 251, रवि भाई रघुवंशी 250, अंकित जैन 200, करण राजपूत 101, गुप्तदान 101 रुपए 24 फरवरी तक दानदाताओं ने जागरण ब्यूरो चीफ अनिल मिहानी के मोबाइल नंबर 9425039540 पर दी गई राशि का स्क्रीन शॉट भेजा है।

### 27 फरवरी को नागपुर में होगा ट्रांसप्लांट

निकिता की बड़ी बहन शिखा ने अपनी एक किडनी दान करने का ऐतिहासिक साहस दिखाया है। ऑपरेशन के लिए 27 फरवरी की तारीख तय हुई है, जिसके लिए निकिता को नागपुर के गंगा केयर अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। हालांकि, 10 लाख रुपये के भारी-भरकम खर्च के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अभी भी समाज के सहयोग की निरंतर आवश्यकता है।

### आप भी बन सकते हैं सहारा

निकिता के पिता संदीप चौरे पेशे से मजदूर हैं और किराए के मकान में रहकर परिवार का गुजर-बसर कर रहे हैं। यदि आप भी इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देना चाहते हैं, तो शिखा के संपर्क नंबर 7000963513 पर सहायता राशि भेज सकते हैं।

## क्रिकेट खेलने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**जागरण, इटारसी।** शहर के व्यस्ततम बारह बंगला मैदान में सोमवार शाम क्रिकेट खेलने की बात पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

पत्ती बाजार निवासी कन्हैयालाल रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका 17 वर्षीय बेटा राजवीर रैकवार शाम करीब 6:30 बजे मैदान में था। तभी वहां मौजूद दूसरे पक्ष के युवक ध्रुव ने विवाद करते हुए राजवीर को गंदी गालियां दीं और क्रिकेट बैट से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरी ओर न्यास कॉलोनी झुग्गी बस्ती निवासी 22 वर्षीय ध्रुव दोहरे पिता देवेन्द्र दोहरे ने भी मामला दर्ज कराया है। ध्रुव का आरोप है कि शाम करीब 6 बजे जब वह बारह बंगला मैदान में था, तब राजवीर रैकवार ने क्रिकेट खेलने की बात को लेकर उसके साथ विवाद किया और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। ध्रुव ने भी आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इटारसी पुलिस ने दोनों ही मामलों में शिकायतें दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## मजदूर संघ ने रेलवे जीएम को दी विदाई

**जागरण, इटारसी।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया। जबलपुर स्थित उमंग भवन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने किया।

समारोह के दौरान संगठन की ओर से महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किए। महामंत्री अशोक शर्मा ने उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, कुशल कार्यशैली और रेलवे के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जोन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने जीएम के जीवन के गौरवशाली सफर को साझा कर उपस्थित जनसमूह को गौरवान्वित किया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत विशेष नृत्य नाटिका 'शोभना हूं' रही। महाप्रबंधक के सम्मान में तैयार इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और माहौल को भावुक कर दिया। विदाई उद्बोधन में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने डब्लूसीआरएमएस को तिरंगा संगठन बताते हुए कहा, यह संगठन हर समय रेल कर्मचारियों के हितों के लिए अडिग रहता है। महामंत्री अशोक शर्मा के माध्यम से पूरे जबलपुर जोन और भारतीय रेलवे में कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाता रहा है। विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों के प्रति इस संगठन की प्रतिबद्धता सराहनीय है। इस अवसर पर जबलपुर जोन के सभी वरिष्ठ जोनल रेलवे अधिकारी, जोन भर से आईं महिला प्रतिनिधि और मंडल नेतृत्व के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मंडल संगठक प्रीतम तिवारी ने प्रदान की है।

## आरपीएफ ने 8 वर्षीय बालक को परिजनों को सौंपा

**जागरण, इटारसी।** अनजाने में गलत ट्रेन में बैठकर जबलपुर से इटारसी पहुंचे एक 8 वर्षीय बालक को रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षित उसकी मां के सुपुर्द किया। 23 फरवरी को ट्रेन संख्या 16602 में एक बालक अकेला इटारसी स्टेशन पर मिला। पूछताछ करने पर बालक ने अपना नाम नंदू परते उम्र 8 वर्ष, निवासी मड़ई, जबलपुर बताया। उसने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी माता राजकुमारी ठाकुर का मोबाइल नंबर पुलिस को दिया।

सहायक उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने तत्काल परिजनों से संपर्क कर उन्हें इटारसी बुलाया। बालक की मां राजकुमारी ठाकुर के इटारसी पोस्ट पहुंचने पर, पंचों के समक्ष कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर बालक को सही-सलामत उन्हें सौंप दिया। अपने लाडले को सुरक्षित पाकर परिजनों ने रेल पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**सरोकार** | विवाह समारोह में एडवोकेट राजपूत के पुत्र ने समाज के लिए दिया एक मजबूत संदेश

## इटारसी के नमन ने ठुकराए 11 लाख, 101 रुपए और नारियल लेकर पेश की समाज के सामने मिसाल

**जागरण, इटारसी।** समाज में जहां आज भी शादियां भारी-भरकम लेन-देन और दिखावे के बोझ तले दबी हैं, वहीं मध्य प्रदेश के इटारसी से एक ऐसी खबर सामने आई है जो न केवल दिल जीत लेने वाली है, बल्कि कुरीतियों पर करारा प्रहार भी करती है। यहां एक विवाह समारोह में दूल्हे और उसके परिवार ने 11 लाख रुपये के तिलक को ठुकरा कर मानवता और सादगी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

### लेन-देन नहीं, रिश्तों का सम्मान सर्वोपरि

जानकारी के अनुसार, यह सराहनीय पहल न्यू यार्ड निवासी एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत के पुत्र नमन राजपूत के विवाह समारोह में देखने को मिली। जब दिगवाड़ निवासी वधू पक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ की सुपुत्री श्रुति ने परंपरा के नाम पर तिलक की रस्म में 11 लाख रुपये भेंट किए जा रहे थे, तब नमन और उनके माता-पिता ने बड़ी विनम्रता से इस बड़ी राशि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।



नमन ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि विवाह दो परिवारों के बीच प्रेम, विश्वास और सम्मान का बंधन है, इसे लेन-देन का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने केवल 101 रुपये और एक नारियल को आशीर्वाद स्वरूप स्वीकार कर रस्म पूरी की।

### नई पीढ़ी की नई सोच

समारोह में मौजूद सैकड़ों मेहमान इस दृश्य को देखकर दंग रह गए और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उपस्थित लोगों का कहना था कि नमन जैसे युवाओं की यह सोच समाज के लिए एक मिसाल की तरह है। एडवोकेट जसवंत सिंह राजपूत के इस निर्णय ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा और संस्कार ही असली धन हैं।

दहेज प्रथा के खिलाफ राजपूत परिवार का यह कदम इटारसी ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक नजीर बन गया है। सोशल मीडिया पर भी इस विवाह की तारीफ हो रही है। यह घटना साबित करती है कि यदि युवा पीढ़ी ठान ले, तो समाज से दहेज जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

## प्रशासन के आश्वासन के बाद खत्म हुई कपिल की भूख हड़ताल, कांग्रेस नेता पर लगाया था आरोप

**जागरण, इटारसी।** शहर के व्यस्ततम जयस्तंभ चौक पर मंगलवार को दिन भर चली राजनीतिक और सामाजिक गहमागहमी दोपहर बाद शांत हो गई। नेहरूगंज निवासी कपिल यादव, जिन्होंने कांग्रेस नेता और सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी पर अपने छोटे भाई के मकान पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए भूख हड़ताल शुरू की थी, उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया है।

सुबह से ही जयस्तंभ चौक पर टेंट लगाकर धरने पर बैठे कपिल यादव ने प्रशासन पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि गज्जू तिवारी उन्हें धमका रहे हैं और झूठी शिकायतों में फंसाने की कोशिश की जा रही है। पीड़ित ने सपरिवार इच्छा मृत्यु और मांग पूरी न होने पर आत्मदाह तक की चेतावनी दे दी थी। इस विरोध प्रदर्शन ने शहर के राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए दोपहर में तहसीलदार सुनीता साहनी और टीआई गौरव बुंदेला धरना स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने कपिल यादव से चर्चा की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायत पर प्रशासन गंभीरता से विचार करेगा और विवादित स्थल पर जाकर मौके की निष्पक्ष जांच की जाएगी। प्रशासन के इस ठोस आश्वासन के बाद कपिल यादव ने भूख हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वे फिलहाल अधिकारियों के वादे पर भरोसा कर रहे हैं।

दूसरी ओर, कांग्रेस नेता गजानन तिवारी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया है। तिवारी का कहना है कि उन्होंने संपत्ति नियमानुसार खरीदी है और वे स्वयं जांच का स्वागत करते हैं। फिलहाल धरना समाप्त होने से पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली है, लेकिन अब सभी की नजरें प्रशासन द्वारा की जाने वाली जांच पर टिकी हैं।

## उधार सामान नहीं देने पर व्यापारी से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** शहर के चामुंडा चौराहा क्षेत्र में उधार सामान देने से मना करने पर एक हार्डवेयर व्यापारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना के अनुसार फरियादी अनिल अग्रवाल पिता शिवदयाल अग्रवाल, उम्र 58 वर्ष, जो चामुंडा चौराहा गांधीनगर के निवासी हैं, अपनी हार्डवेयर की दुकान पर मौजूद थे। तभी हाजी मंजिल के आगे रहने वाले तीन युवक रितिक कुचबंदिया, रोहित कुचबंदिया, और बबलू कुचबंदिया दुकान पर आए और उधार सामान की मांग करने लगे। जब अनिल अग्रवाल ने उधार सामान देने से मना कर दिया, तो तीनों आरोपी भड़क गए। आरोपियों ने व्यापारी को गालियां दीं। विवाद इतना बढ़ा कि तीनों ने मिलकर अनिल अग्रवाल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध कर आगे की जांच शुरू कर दी है।